INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: 6 3rd Lang. | Department: Hindi | Date: |
|---|---|---|
| Worksheet No: 4 | Topic: अर्थग्रहण | Note: Pl. file in portfolio |

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए|

मोती नगर के राजा ने एक हाथी पाला हुआ था| राजा के महल के पास ही एक कुत्ता रहता था| हाथी और कुत्ते में पक्की दोस्ती थी| वे साथ-साथ रहते, साथ-साथ खेलते और खाना भी साथ-साथ खाते थे| कुत्ता बहुत समझदार था|

एक दिन वहाँ से एक यात्री गुजरा| उसने सोचा कि यदि यह कुत्ता मुझे मिल जाए तो मुझे रात को चिंता न रहेगी| यह चोरों से घर की रखवाली करेगा और मैं आराम से सोऊँगा| उसने महावत से कहा कि यह कुत्ता मुझे दे दो| चोरों के कारण रात को सोना कठिन हो गया है| महावत ने उसे वह कुत्ता दे दिया| कुत्ते के जाने के बाद हाथी ने खाना ही छोड़ दिया| उसकी आँखों से रात-दिन आँसू गिरते रहते थे| राजा को लगा कि हाथी बीमार हो गया है| वैद्य को बुलाया गया| वैद्य ने कहा कि यह बीमार नहीं है| इसकी आँखों से आँसू गिर रहे हैं| इसे अवश्य कोई दुख है|

महावत ने बताया, "इसका एक मित्र है|"
राजा ने महावत से पूछा, "इसका मित्र कौन है? उसको बुलाकर लाओ|"
महावत ने कहा, "महाराज! इसका मित्र एक कुत्ता है| ये दोनों साथ-साथ रहते थे| पास के गाँव का एक आदमी कुत्ते को चौकीदारी करने के लिए ले गया है|"

राजा ने आदेश दिया कि उस आदमी के घर की रखवाली के लिए गाँव में पहरेदार रख दिया जाए| जैसे ही कुत्ता राजा के महल के पास आया, वह सीधा हाथी के पास पहुँच गया। अपने मित्र को वापिस देखकर हाथी खुशी से नाचने लगा| जब महावत हाथी के लिए खाना लाया तो हाथी ने खाना कुत्ते की और बढ़ा दिया| दोनों मित्र एक साथ खाना खाने लगे और फिर से साथ-साथ रहने लगे|

1. किसने हाथी पाला हुआ था?

*सेनापति ने — *मोती नगर के राजा ने

*जादूगर ने — *मंदिर के पुजारी ने

2. किसकी दोस्ती पक्की थी?

*राम और मोहन की *राजा और पुजारी की

*हाथी और चूहे की *हाथी और कुत्ते की

3. यात्री कुत्ते को अपने साथ क्यों ले जाना चाहता था?

*वह खेलना चाहता था| *वह चोरी की चिंता से बचना चाहता था|

*वह उसे बेचना चाहता| *वह उसे खाना देना चाहता था|

4. यात्री को कुत्ता किसने दिया?

*राजा ने *चोरों ने *सिपाही ने *महावत ने

5. कुत्ते के जाने के बाद हाथी ने क्या किया?

*वह खुश हो गया *वह अधिक खाना खाने लगा

*उसने खाना छोड़ दिया *उसने जंगल में दौड़ लगाई

6. वैद्य ने हाथी के बारे में क्या कहा?

*हाथी बूढ़ा हो गया है *उसे कुछ नहीं हुआ

*इसे कोई दुःख है *हाथी मरने वाला है

7. राजा ने क्या आदेश दिया?

*हाथी को बेचने का *नया हाथी लाने का

*गाँव में मिठाई बाँटने का *गाँव में पहरेदार रखने का

8. कुत्ते के लौटने पर हाथी ने क्या किया?

*वह चुपचाप चला गया *खुशी से नाचने लगा

*वह नाराज़ हो गया *जंगल में भाग गया

- सही / गलत बताइए|

1. राजा के महल के पास ही एक बंदर रहता था| ( )
2. बीमार हाथी का इलाज़ करवाने के लिए वैद्य को बुलाया गया| ( )
3. महावत हाथी के लिए खाना लाया था। ( )
4. हाथी और कुत्ता हमेशा लड़ते-झगड़ते रहते थे| ( )

********************